# नगर पंचायत नौगांव में स्वयं सहायता समूह वसूलेगा यूजर चार्ज

**नौगांव :** नगर पंचायत नौगांव ने स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए यूजर चार्ज (यूजर शुल्क) संग्रह की नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत नगर पंचायत द्वारा अधिकृत स्वयं सहायता समूह "नई दिशा" के माध्यम से नगर क्षेत्र में यूजर चार्ज का संग्रह किया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार व ईओ शिवानी रावत ने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी नागरिकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों से निर्धारित यूजर चार्ज का भुगतान केवल अधिकृत स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों को ही किया जाए। प्रतिनिधि नगर पंचायत द्वारा जारी पहचान-पत्र एवं अधिकृत रसीद पुस्तिका के साथ घर-घर और प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर शुल्क संग्रह करेंगे। बिना रसीद किसी भी व्यक्ति को भुगतान न करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।